Purchase of Tetracyline by IDPL

*263. SHRI KRISHAN LAL SHARMA: Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state:

(a) whether IDPL imported 100 tonnes of tetracycline@ Rs. 420/- per kg. from a Japanese firm whereas a Chinese firm was ready to supply the medicine @ Rs. 373/- per kg.;

(b) if so, what are the reasons for purchasing the medicine at higher rate;

(c) whether the purchase procedure for such imports was followed; if not, what are the reasons therefor; and

(d) if the proper purchase procedure was not followed, which authority is responsible for the lapse and the loss?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI BHAJAMAN BEHERA): (a) to (d) IDPL imported in August, 1989 20 tonnes of tetracycline from West Germany at the rate of US$25.40 per k.g. being the lowest offer; after following the prescribed procedure to contain complaints of shortages and to curb the speculative demands for the drug. No offer was received from China despite trade enquiries.

एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग को प्राप्त हुई शिकायतें

*264. **श्री राम जेठमलानी :**

डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग को विभिन्न कम्पनियों के खिलाफ बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान, वर्षवार, कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं ;

(ग) उनमें से कितनी शिकायतों का निपटारा उसी वर्ष कर दिया गया जिस वर्ष वे प्राप्त हुई थीं ;

(घ) दिसम्बर, 1989 के अन्त तक कितनी शिकायतें लंबित थीं ; और

(ङ) क्या सरकार इन शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिये कारगर कदम उठाने का विचार रखती है यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) : (क) और (ख) जी हां । एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग को वर्ष 1987, 1988 तथा 1989 के दौरान अनुचित अवरोधक व्यापार प्रथाओं के संबंध में क्रमश: कुल 2295, 3265 तथा 5100 शिकायतें प्राप्त हुई थीं ।

(ग) एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग द्वारा रखे गये रिकार्ड के अनुसार वर्ष के अन्त में लंबित शिकायतों को आगामी वर्ष के लिये अग्रेषित किया जाता है । वर्ष के दौरान प्राप्त हुई शिकायतों सहित इन लंबित शिकायतों पर उस वर्ष के दौरान कार्यवाही की जाती है और निपटाई न गई शिकायतों को आगामी वर्ष के लिये अग्रेशित कर दिया जाता है । जिस वर्ष ये शिकायतें प्राप्त होती हैं उसी वर्ष निपटाई गई शिकायतों के संबंध में अलग से कोई सूचना नहीं रखी जाती है ।

(घ) दिसम्बर, 1989 के अन्त में अनुचित/अवरोधक व्यापार प्रथाओं से संबंधित कुल 6352 शिकायतें लंबित थीं ।

(ङ) एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार आयोग की शिकायतों का शीघ्रातिशीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के लिये उपयुक्त पदधारियों की नियुक्ति करके सुदृढ़ बनाया जा रहा है । तथापि, शिकायतों के निपटान में लगने वाला समय मुद्दों के स्वरूप, पक्षकारों के व्यवहार आदि पर निर्भर करता है ।